पथरदेवा में क्षेत्रीय किसान मेला शुरू, किसानों को बंटे तोरिया बीज के मिनीकिट





❖ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता और केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ ❖स्व. रविन्द्र किशोर शाही की पुण्यतिथि पर जुटे कृषि वैज्ञानिक, दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी

देवरिया। पूर्व मंत्री स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर पंचायत पथरदेवा स्थित आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आयोजित इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने किया। मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीजों और सरकारी अनुदान की योजनाओं से जोड़कर समृद्ध बनाना है। उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा सुझाई गई उन्नत पद्धतियों को अपनाना बेहद जरूरी है। मेले में रबी सीजन 2026-27 के तहत राज्य सहायतित योजना के अंतर्गत चयनित किसानों को तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो किलोग्राम तोरिया (लाही) बीज की मिनीकिट का निशुल्क वितरण किया गया। कृषि अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से क्षेत्र में तिलहनी फसलों का रकबा बढ़ेगा और किसान आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे। स्टॉलों के जरिए दी जा रही योजनाओं की जानकारी विभागों व संस्थाओं द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए हैं। कृषि मेले में कृषि सूचना तंत्र योजना के तहत कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, इफको और कृभको समेत विभिन्न वैज्ञानिकों ने किसानों को कम लागत में बेहतर पैदावार लेने, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और कीट नियंत्रण के प्रभावी उपाय समझाए। साथ ही विभिन्न यंत्रों पर मिलने वाले सरकारी अनुदान की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। इस अवसर पर सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, विधायक सभाकुंवर कुशवाहा, राज्य महिला आयोग की सदस्य रितु शाही, सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, संजय सिंह सैंथवार, भूपेंद्र सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष काशीपति त्रिपाठी, पथरदेवा ब्लॉक प्रमुख सुब्रत शाही, बैतालपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय, पथरदेवा प्रधान संघ अध्यक्ष मुरारी मोहन शाही और जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव कृषि डॉ. एमकेएस सुंदरम, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक गोरखपुर मंडल, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी और केवीके के वैज्ञानिक डॉ. मान्धाता सिंह समेत भारी संख्या में किसान व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संजय तिवारी ने भागलपुर से शुरू की मुफ्त लग्जरी बस सेवा, बोले-गरीबों को आवागमन में मिलेगी सहूलियत




❖ भागलपुर चौराहे से हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

देवरिया। जिले के बरहज विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को भागलपुर चौराहे से एक अनूठी पहल की शुरुआत हुई। प्रख्यात उद्योगपति, समाजसेवी एवं भाजपा नेता संजय तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर निशुल्क लग्जरी बस सेवा का शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्र के आमजन, दैनिक यात्रियों और विशेषकर निर्धन वर्ग के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुरेश तिवारी के पुत्र व भाजपा नेता संजय तिवारी ने कहा कि जनसेवा ही उनकी राजनीति और जीवन का मुख्य ध्येय है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और कामगारों को आवागमन में प्रतिदिन कई तरह की दिक्कतों और आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता था। इसी पीड़ा को समझते हुए यह पूर्णत: निशुल्क वातानुकूलित (लग्जरी) बस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सेवा सीमित समय के लिए नहीं है, बल्कि अनवरत जारी रहेगी। ताकि आम नागरिक बिना किसी किराए के सुरक्षित और आरामदायक यात्रा कर सकें। अन्य रूटों पर भी जल्द दौड़ेंगी बसें संजय तिवारी ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए बड़ी घोषणा की कि आने वाले दिनों में भलुअनी और बरहज रूट से भी इसी तर्ज पर निशुल्क लग्जरी बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि क्षेत्र का कोई भी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति किराए के अभाव में अपने जरूरी काम, इलाज या पढ़ाई से वंचित न रहे। भलुआनी और बरहज से सेवा शुरू होने के बाद पूरे दक्षिणांचल के एक बड़े हिस्से को इसका सीधा लाभ मिलेगा। सुझाव और समस्याओं के समाधान की अपील भाजपा नेता ने क्षेत्र की जनता से इस बस सेवा का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस यात्रा के दौरान यात्रियों को यदि समय, रूट अथवा किसी भी प्रकार की तकनीकी या व्यावहारिक दिक्कत आती है, तो वे तुरंत उनके प्रतिनिधियों या सेवा टीम को इससे अवगत कराएं। जनता के सुझावों के आधार पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। हरी झंडी दिखाने के दौरान कामेश्वर पांडेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए संजय तिवारी के प्रति आभार जताया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से पूर्व प्रधान घायल, अस्पताल लेजाते समय मौत



सलेमपुर (देवरिया)। क्षेत्र के चेरो के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में 53 वर्षीय पूर्व प्रधान राजाराम यादव की दर्दनाक मौत हो गई। पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार राजाराम यादव (53) पुत्र बीरबल यादव निवासी ग्राम तेलिया शुक्ल देवरिया से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चेरो के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पूर्व प्रधान को तत्काल यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की खोज बीन कर रही है।

डीएम-एसपी ने रुद्रपुर के मतदेय स्थलों का लिया जायजा

देवरिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत डीएम मधुसूदन हुल्गी और एसपी अभिजीत आर. शंकर ने शनिवार को रुद्रपुर के विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण किया। अफसरों ने कंपोजिट विद्यालय (बूथ 249 से 255) और रामजी सहाय पीजी कॉलेज (बूथ 244 से 248) पर बीएलओ की उपस्थिति, फार्म-6 व अन्य आवेदनों की स्थिति जांची। डीएम ने निर्देश दिया कि 18 से 19 आयु वर्ग का कोई भी पात्र युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से न छूटे। उन्होंने बताया कि नागरिक पोर्टल (voters.eci.gov.in) और हेल्पलाइन 1950 के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन व जानकारी ले सकते हैं। मौके पर एसडीएम राजकुमार गुप्ता मौजूद रहे।

एस पी मान्टेसरी स्कूल में डांडिया उत्सव का आयोजन



सेवरही,कुशीनगर।शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर पंचायत सेवरही स्थित एसपीएम जूनियर हाईस्कूल परिसर में छात्र छात्राओं के अलग अलग समूहों ने डांडिया और गरबा की मनमोहक प्रस्तुति दिया।डांडिया उत्सव में पारंपरिक परिधान पहने छात्र और छात्राओं ने डांडिया के साथ देवी गीतों धूम मचाई।कार्यक्रम प्रबंधन ने छात्र- छात्राओं को अलग - अलग समूहों में बांट कर उत्सव में शामिल कराया।डांडिया उत्सव में शामिल छात्र - छात्राओं के अनुसार करीब दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में पर्व निर्धारित लोकप्रिय गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया।विद्यालय के प्रबंधक बीके राव के मुताबिक ने बताया कि विद्यालय परिसर में डांडिया के पूर्वाभ्यास की शुरुआत होते ही अंतिम रूप से डांडिया उत्सव में शामिल होने वाले छात्र - छात्राओं की संख्या दो सौ से अधिक हो गई।बच्चियों के उत्साह को देखते हुए विद्यालय परिसर में भव्य रूप से सजे पंडाल में इस कार्यक्रम की व्यवस्था कराई।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा और लगन से इस तरह के आयोजन में शामिल होना बेहद सराहनीय है।कार्यक्रम के दौरान भव्य सजे पंडाल में डांडिया के साथ छात्र - छात्राओं की प्रस्तुति की उपस्थिति लोगों ने खूब सराहना की और प्रोत्साहित किया। डांडिया उत्सव में विद्यालय के संचालक गौरव राव, विनय प्रताप सिंह,विजयलक्ष्मी सिंह,करुणा राव,मिस प्रिया ,मिस प्रीति,मिस मुस्कान,अमरजीत राठी,एपी पांडेय,दिनेश तिवारी,डीपी शर्मा,राहुल शर्मा, विवोध सिंह,रोहित सिंह, बादल, मनोज देवकी आदि मौजूद रहे।

डीएम ने परखी मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था, दिए निर्देश



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में संचालित निःशुल्क मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में शिक्षण कार्य, छात्र सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण व नियमित क्लास सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिलना चाहिए। इस मौके पर विभागीय अधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

एनबीडब्ल्यू और धारा 82 के वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

देवरिया। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) और धारा 82 दंड प्रक्रिया संहिता से संबंधित वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय में मामला लंबित था और वह वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पांडेय के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने लच्छीराम पोखरा, कसया रोड निवासी करीब 50 वर्षीय विजय सोनकर पुत्र शिवनाथ सोनकर को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-03, देवरिया की ओर से एनबीडब्ल्यू और धारा 82 दंप्रसं के तहत कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

देवरिया। गौरीबाजार पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, 16 अक्तूबर को पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपी पर नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 65(2) और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पिंक समाधान दिवस में महिलाओं की सुनी शिकायतें

देवरिया। मिशन शक्ति फेज-6 के तहत शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में पिंक समाधान दिवस आयोजित किया गया। अधिकारियों ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। रुद्रपुर तहसील में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने जनसुनवाई की। उन्होंने महिला फरियादियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति से संबंधित जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।

दुर्गा पूजा और दशहरा पर देवरिया शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री

देवरिया। दुर्गा पूजा, दशहरा और मूर्ति विसर्जन के मद्देनजर देवरिया शहर में 18 अक्तूबर से मूर्ति विसर्जन समाप्त होने तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से अगले दिन सुबह 3 बजे तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, बड़ी बस, मिक्सर वाहन, गैस सिलिंडर वाहन और डीजल-पेट्रोल टैंकर समेत भारी वाहनों को शहर के विभिन्न चौराहों से डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने और यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी हिरासत में

देवरिया। शहर के कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। यूपी-112 पर सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।पुलिस के अनुसार, घटना के संबंध में पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जीआरपी ने लावारिस ट्रॉली बैग स्वामी को सुरक्षित लौटाया

सलेमपुर (देवरिया)। ट्रेन में लावारिस हालत में मिले ट्रॉली बैग को सलेमपुर जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए उसके असली मालिक तक पहुंचा दिया। बैग में रखे सभी सामान सुरक्षित मिलने पर यात्री ने राहत की सांस ली और जीआरपी पुलिस के प्रति आभार जताया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को मुंबई से छपरा जाने वाली गोदान एक्सप्रेस (11059) में एक ट्रॉली बैग लावारिस हालत में पड़ा मिला। बैग पर नजर पड़ने के बाद यात्रियों ने इसकी सूचना जीआरपी को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी सक्रिय हो गई। शुक्रवार शाम करीब छह बजे ट्रेन के सलेमपुर स्टेशन पहुंचने पर कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने ट्रॉली बैग को ट्रेन से उतरवाया और उसके मालिक का पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल शुरू की।जांच के दौरान पता चला कि ट्रॉली बैग अबू तालिब पुत्र जुबेर अहमद, निवासी ग्राम भादो, जिला आजमगढ़ का है। ट्रेन आगे निकलने के बाद यात्रियों की नजर उस बैग पर पड़ी और उन्होंने इसकी सूचना जीआरपी को दी।मालिक की पहचान होने के बाद जीआरपी ने अबू तालिब को बुलाकर उनका ट्रॉली बैग सुरक्षित सुपुर्द कर दिया।

साइबर ठगी के शिकार युवक को मिली राहत, पुलिस ने खाते में वापस कराए 10,133 रुपये

सोहनपुर,देवरिया। साइबर ठगी के शिकार युवक को देवरिया की खामपार पुलिस ने राहत दिलाते हुए उसके खाते में ?10,133 की धनराशि वापस कराई है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को उसकी ठगी गई रकम वापस मिल गई, जिसके बाद उसने साइबर पुलिस टीम का आभार जताया।पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, खामपार थाना क्षेत्र के परसिया छितनी गांव निवासी अभिनेश कुमार शाह के साथ 11 जुलाई 2026 को साइबर ठगी के माध्यम से धोखाधड़ी हुई थी। पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक देवरिया अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में खामपार थाने की साइबर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। टीम ने ठगी की धनराशि को समय रहते होल्ड कराया और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए 10,133 पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दिए।इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक बलराम सिंह, साइबर प्रभारी उपनिरीक्षक प्रियांशु कुमार दूबे, आरक्षी राहुल सिंह, आरक्षी दीपक कुमार और महिला आरक्षी मंगेशलता शामिल रहीं। देवरिया पुलिस की अपील-पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी होने पर घबराने के बजाय तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और आधिकारिक वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस के अनुसार, समय पर शिकायत करने से ठगी की रकम को होल्ड कराने और वापस पाने की संभावना बढ़ जाती है।

बैतालपुर में प्राविधिक सहायकों का प्रशिक्षण शुरू, इंटीग्रेटेड फार्मिंग पर जोर

देवरिया। कृषि प्रशिक्षण केंद्र बैतालपुर में नवनियुक्त प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के 10 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव कृषि डॉ. एमकेएस सुंदरम ने देश के कृषि परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खाद्यान्न उत्पादन को 400 मिलियन टन तक पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसमें आधुनिक तकनीक की अहम भूमिका है।जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्राविधिक सहायकों को विभाग का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि जनपद में लघु व सीमांत किसानों की आय बढ़ाने के लिए समन्वित कृषि प्रणाली (खेती के साथ पशुपालन, मत्स्य, मशरूम व मुर्गी पालन) को बढ़ावा दें। संयुक्त कृषि निदेशक विनोद कुमार शर्मा ने विभागीय योजनाओं व अनुदान की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. रामतेज यादव और जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह मौजूद रहे।

कंपोजिट विद्यालय रुद्रपुर पहुंचे डीएम-एसपी, बच्चों संग जमीन पर बैठ चखा मिड-डे मील

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने शनिवार को कंपोजिट विद्यालय रुद्रपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों आला अफसरों ने विद्यालय में संचालित पठन-पाठन, शिक्षकों की उपस्थिति और साफ-सफाई की पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान सबसे खास पल तब आया जब डीएम और एसपी ने बच्चों की कतार में बैठकर मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) खाया और उसकी गुणवत्ता परखी।विद्यालय पहुंचे अधिकारियों ने सीधे कक्षाओं का रुख किया और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इसके बाद मध्याह्न भोजन वितरण के समय दोनों अधिकारी बच्चों के साथ फर्श पर बैठे और थाली में परोसे गए भोजन का स्वाद लिया। डीएम ने रसोईघर का निरीक्षण करते हुए भोजन तैयार करने व परोसने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मेन्यू और मानकों के अनुरूप बच्चों को पौष्टिक व ताजा भोजन ही उपलब्ध कराया जाए। पठन-पाठन और समयबद्धता पर विशेष जोर कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका देखी और कक्षाओं के संचालन की स्थिति जानी। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए शिक्षक नियमित और समय से विद्यालय आएं, कक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से करें और बच्चों की पढ़ाई पर व्यक्तिगत ध्यान दें। स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाने के निर्देश अफसरों ने विद्यालय परिसर, क्लासरूम व शौचालयों की स्वच्छता का भी गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि विद्यालय में बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलना चाहिए। शासन द्वारा संचालित योजनाओं और मिलने वाली सुविधाओं का लाभ हर पात्र छात्र तक समय से पहुंचे। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ), उपजिलाधिकारी रुद्रपुर राजकुमार गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि मेला के मंच पर अतिथियों का किया जोरदार स्वागत





(बशीर अहमद)

पथरदेवा(देवरिया)।भूतपूर्व विद्युत मंत्री स्व.रवीन्द्र किशोर शाही की 44वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं दो दिवसीय विशाल कृषि मेला एवं स्वास्थ्य शिविर आचार्य नरेन्द्रदेव इण्टर कालेज पथरदेवा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रामनाथ ठाकुर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री को जब प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही क्षेत्र के भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ मंच पर विराजमान किया तो जय श्री राम का नारा गूंज उठा। मंच पर प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सबसे पहले मुख्य अतिथि रामनाथ ठाकुर को माला पहनाकर स्मृति चिह्न देकर अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया तो कार्यक्रम में उपस्थित हजारों लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का नारा लगाकर कार्यक्रम को गति देने का कार्य किया गया।विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के भाजपा विधायक सूर्य प्रताप शाही ने यह विशेषता है और ईश्वर की कृपा है जब भी सूर्य प्रताप शाही विजयश्री हासिल करते है तो प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है बीते 2017 विधानसभा चुनाव में सूर्य प्रताप शाही चुनाव जीते और प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ योगी सरकार बनी जिसमें सूर्य प्रताप शाही को प्रदेश कृषि मंत्री बनाये गये। पांच वर्षो तक क्षेत्र में विकास कार्यो को कराकर सूर्य प्रताप शाही क्षेत्रीय जनता के दिल को जीतने का कार्य किया जिसके परिणाम स्वरूप बीते 2022 के चुनाव में पुन: सूर्य प्रताप शाही चुनाव जीतकर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ योगी सरकार बनाने में अपना योगदान दिया दूसरे बार भी सूर्य प्रताप शाही को प्रदेश कृषि मंत्री बनाया गया दो बार के चुनावी जीत पर सूर्य प्रताप शाही को बस एक ही बात की दिन रात चिन्ता रहती है कि विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के साथ ही प्रदेश के किसानों का आमदनी दोगुना कैसा होगा। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही विगत दो बार के चुनावी जीत पर विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा हर मुद्दे पर विकास कराकर लोगों को सुख-सुविधा प्रदान करने का कार्य किया है। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही विशाल कृषि मेला व स्वास्थ्य शिविर के मंच पर पूर्व सांसद रवीन्द्र कुशवाहा विधायक सुरेन्द्र चौरसिया,विधायक सभाकुंवर,नीरज शाही,संजय सिंह सैथवार के साथ ही मंचासीन अनेक अतिथियों को अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया। मंच पर विराजमान स्व.रवीन्द्र किशोर शाही के सुपुत्र मुरारी मोहन शाही को भी सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त अनेक नेताओं को प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विकास खण्ड पथरदेवा के प्रधानसंघ अध्यक्ष मुरारी मोहन शाही,ब्लाक प्रमुख पथरदेवा सुब्रत शाही ,विजय बहादुर दूबे,विश्वेन्दु प्रताप राव ,प्रधानाचार्य शिवनाथ सिंह,गणेश राव, कृपाशंकर उपाध्याय, श्रीनिवास मणि,मुन्ना शाही,नगर पंचायत पथरदेवा के अध्यक्ष कमलेश उर्फ क्रान्ति सिंह,संजय राव, हरीश शाही, दुष्यन्त राव,उमापति सिंह,विजय पाण्डेय ,जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह ,जिला पंचायत सदस्य कुन्दन जायसवाल,जिला पंचायत सदस्य अमित सिंह,श्री निवास मणि, हेमन्त कुमार पाठक, मारकेण्डेय तिवारी,गंगा शरण पाण्डेय,प्रभाकर राय, भूपेन्द्र सिंह,ममता राजभर,अवनीश पाठक, विवेकदत्त राय,सत्य प्रकाश मणि पूर्व विधायक ,जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीशचन्द्र तिवारी,श्रीमती रितू शाही,हेमन्त पाठक,प्रभाकर राय,नगर पंचायत तरकुलवा अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा,हेतिमपुर अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार यादव,काशीपति शुक्ला,संजीतधर द्विवेदी,राजन शुक्ला। इस अवसर पर अनेक वैज्ञानिकों ने कृषि से सम्बन्धित अपना विचार व्यक्त किया। दो दिवसीय किसान मेले के प्रथम दिन जब हजारों की भीड़ उमड़ा तो उसी बीच प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के द्वारा क्षेत्र में कराये गये विकास कार्यो की चर्चा करना शुरू किया। अध्यक्षता भाजपा पथरदेवा मण्डल अध्यक्ष जीपू शाही एवं संचालन अवधेश सिंह ने किया।